# हजार करोड़ से संवरेगा सिवनी मालवा

## स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**नर्मदापुरम, 16 अप्रैल. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 972 करोड़ से अधिक लागत के 72 किलोमीटर लंबे नर्मदापुरम-टिमरनी स्टेट हाईवे-67 का उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री और नर्मदापुरम के प्रभारी राकेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे.**



सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कृषि, पर्यटन, उद्योग, वन्य जीव और जनजातीय क्षेत्रों को समेटे नर्मदापुरम जिला विविधता से परिपूर्ण है. नर्मदापुरम में नर्मदा लोक भी बन रहा है. नर्मदापुरम में उद्योग और कृषि के विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं. सड़कें विकास का आधार हैं, इस तथ्य को दृष्टिगत रख नर्मदापुरम जिले में अनेक सड़क परियोजनाओं का कार्य जारी है. उन्होंने कहा कि सिवनी मालवा को लगभग 1000 करोड़ से अधिक लागत के विकास कार्यों की सौगात मिल रही है. स्टेट हाईवे के माध्यम से सिवनी-मालवा नए दौर में प्रवेश करेगा और कनेक्टिविटी का लाभ पूरे क्षेत्र को मिलेगा. सिवनी-मालवा में इस सड़क के साथ विकास का सूर्योदय हुआ है. स्टेट हाईवे के साथ सिवनी-मालवा को 106 करोड़ 30 लाख लागत के 96 विकास कार्यों की सौगात मिली है. जिसमें 48 करोड़ 61 लाख की लागत के 45 विकास कार्यों का लोकार्पण और 57 करोड़ 69 लाख की लागत के 51 विकास कार्यों का भूमि-पूजन संपन्न हुआ है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा नदी आंवली घाट के हथनापुर गांव में सिंचाई परियोजना के विकसित करने की घोषणा की. इस परियोजना का लाभ क्षेत्र के 40 गांवों के 10 हजार से अधिक किसानों को मिलेगा.

मुख्यमंत्री ने नगर पालिका सिवनी-मालवा में सड़क, सीवेज, बिजली-पानी की मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए विशेष निधि से राशि देने की घोषणा की. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिवनी-मालवा-शिवपुर बावरी मुख्य मार्ग की मंजूरी, पीपलपुरा पुल निर्माण और बनापुरा के शासकीय स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण की घोषणा की. इसके साथ ही शिवपुर और डोलपुर में सांदीपनि विद्यालय के लिए सर्वे कराने और एक विद्यालय की मंजूरी देने की घोषणा की.

### आज का दिन इतिहास का बड़ा दिन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज का दिन भारत के लोकतंत्र के इतिहास का बड़ा दिन है. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 21वीं शताब्दी के सबसे बड़े निर्णय नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर लोकसभा में चर्चा की शुरुआत हुई है. नारी शक्ति वंदन अधिनियम बहनों के राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा. नारी केवल सृष्टि की जननी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की उन्नति की वास्तविक सूत्रधार है.

### सिवनी-मालवा कृषि से समृद्ध क्षेत्र है : मंत्री

कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री एवं नर्मदापुरम जिले के प्रभारी राकेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के प्रत्येक जिले में विकास की अनेक सौगातें दी हैं. सिवनी-मालवा कृषि से समृद्ध क्षेत्र है. पिछले दो साल में ही 984 करोड़ की लागत की सड़कों की सौगात सिवनी-मालवा को मिली है. राज्य सरकार ने नर्मदापुरम जिले में ऐतिहासिक रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव की है, जिसमें अभूतपूर्व निवेश प्राप्त हुआ. लोक निर्माण विभाग गुणवत्तापूर्ण सड़कों का निर्माण कर रहा है. उन्होंने विभाग के लोकपथ ऐप की जानकारी दी. कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष सीताशरण शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह, विधायक प्रेमशंकर वर्मा, विधायक ठाकुर दास नागवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष राधा पटेल, जिलाध्यक्ष सुप्रीति शुक्ला तथा बड़ी संख्या में स्थानीयजन उपस्थित थे.

# रिटायर एसडीओ निकला धनकुबेर

## ईओडब्ल्यू का छापा : ठिकानों पर सर्चिंग, 5 .47 करोड़ की काली कमाई का खुलासा

**जबलपुर, 16 अप्रैल. आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) जबलपुर ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में छिंदवाड़ा में लोक निर्माण विभाग के एक सेवानिवृत्त एसडीओ (सेतु निर्माण विभाग) महेंद्र नागवंशी के ठिकानों पर दबिश दी. टीम जब घर पहुंची, तो अधिकारियों की आंखें फटी रह गईं. अब तक की जांच में आय से अधिक संपत्ति के मामले में 5.47 करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति का खुलासा हुआ है.**

जानकारी के मुताबिक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, जबलपुर में महेन्द्र नागवंशी पिता महतु नागवंशी सेवानिवृत्त एसडीओ सेतु निर्माण विभाग, लोक निर्माण विभाग, आदर्श नगर, परासिया रोड, छिंदवाड़ा के खिलाफ भ्रष्टाचार से करोड़ों रूपये की असमानुपातिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत पहुंची थी. सत्यापन उपरांत शिकायत में आरोप सही पाये जाने पर ईओडब्ल्यू जबलपुर की टीम ने गुरुवार सुबह आरोपी महेंद्र नागवंशी के छिंदवाड़ा स्थित आदर्श नगर परासिया रोड आवास पर छापा मारा. अचानक हुई इस कार्रवाई से पूरे इलाके और विभागीय गलियारों में हडक़ंप मच गया. सेवानिवृत्त अधिकारी के खिलाफ लंबे समय से भ्रष्टाचार के जरिए अकूत संपत्ति जमा करने की शिकायतें मिल रही थीं.

### तीन टीमों ने आवास-आटा मिल में की सर्चिंग

ईओडब्ल्यू, जबलपुर के द्वारा आरोपी के परासिया रोड, छिंदवाडा स्थित आवास एवं आटा मिल में तीन टीमों ने एक साथ सर्चिंग की. शुरुआती जांच में आरोपी के पास से आलीशान मकान, महंगी गाडियों और जमीन-जायदाद के कई अहम दस्तावेज मिले हैं. ईओडब्ल्यू के मुताबिक अब तक 5 .47 करोड़ रुपये की संपत्ति का आकलन किया गया है. आरोपी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है.

### छिंदवाड़ा में आवास

राशि 40, 00, 000 रुपये, आवास से तलाशी पर नगद 91, 500 रुपये, घरेलू सामान 24, 00, 000 रूपये, 22 बीमा पॉलसियों पर 20, 00, 000 रुपये का निवेश, सोने के आभूषण वजन 187 ग्राम 9, 00, 000 रुपये, चाँदी के आभूषण वजन 1 किलो ग्राम राशि 1, 50, 000 रूपए, दुकान 13, 00, 000 रूपए, तीन फोर व्हीलर 20, 00,000, तीन टू व्हीलर 2,10, 000 रूपए, महेन्द्र नागवंशी के 8 बैंक खातें मिले, -सीमा नागवंशी के 10 बैंक खाते, पुत्र ऋत्विक के 3 बैंक, खातें तीनों बैंक खातों में लगभग 30, 00, 000 रुपये जमा होने की संभावना है. आरोपी द्वारा क्रय की गई कृषि भूमि 25 एकड़ 02 भूखण्ड 1, 76, 21, 000 रूपए, नागदा इंडस्ट्रीज प्रा.लि., ग्राम उसरिया, ग्राम पंचायत गुरैया आटा मिल 2.50.00,000 रूपए की मिली. अब तक की कार्यवाही में आरोपी की कुल अनुमानित 5 .47 करोड़ रुपये की अनुपातहीन संपत्ति उजागर हुई है.

# निर्माणाधीन पुल की 40 फीट लंबी स्लाइड गिरी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर. ग्वालियर में गुरुवार को देर शाम एक बड़ा हादसा हुआ. स्लाइड खेड़ापति इलाके में 1300 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे एलिवेटेड रोड की 40 फीट लंबी स्लाइड गिर गई है. शुरुआती जानकारी के अनुसार हादसे में एक मजदूर घायल हुआ है, जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है.**



हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति है. प्रशासन की टीम वहां पहुंच गई है. हालांकि स्लाइड कैसे गिरी, इसे लेकर ज्यादा जानकारी सामने नहीं आया है. एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट ग्वालियर शहर के लिए ड्रीम प्रोजेक्ट है. शहर को ट्रैफिक से निजात दिलाने के लिए इसका निर्माण हो रहा था. यह स्लाइड नाले की तरफ गिरी है. इसकी वजह से जनहानि नहीं हुई है. साइट पर काम कर रहे मजदूर ही घायल हुए हैं.

# भाजपा विधायक के बेटे ने थार से 5 लोगों को कुचला

नवभारत न्यूज

**शिवपुरी, 16 अप्रैल. जिले में गुरुवार को भाजपा विधायक प्रीतम लोधी के बेटे दिनेश लोधी ने थार कार से 5 लोगों को कुचल दिया. हादसे में बाइक सवार 3 लोग और पैदल चल रही दो महिलाएं घायल हो गई. मामला करैरा थाना क्षेत्र का है.**



जानकारी के मुताबिक, संजय परिहार, आशीष परिहार, अंशुल परिहार, सीता वर्मा और पूजा सोनी घायल हैं. हाथ-पैर और सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि सीता वर्मा और पूजा सोनी को कमर, कंधे और सिर में चोटें लगी हैं. सेबढ़ा निवासी संजय परिहार ने विधायक के बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है. उन्होंने बताया कि वह अपने साथियों आशीष परिहार और अंशुल परिहार के साथ बाइक से थनरा गांव मजदूरी के लिए जा रहे थे. उनके आगे सीता वर्मा और पूजा सोनी पैदल चल रही थीं.

इसी दौरान थाने के सामने पीछे से आई थार कार ने पहले बाइक को टक्कर मारी, जिससे तीनों युवक सड़क पर गिर गए. थार ने पैदल चल रही दो महिलाओं को भी चपेट में ले लिया. हादसे में पांचों लोग घायल हो गए. मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को संभाला और अस्पताल पहुंचाया.

# पार्क से निकला टाइगर गांव में घुसा, दहशत का माहौल

**शिवपुरी, 16 अप्रैल. जिले की नरवर तहसील के रायपुर धमकन गांव में आज गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब माधव टाइगर रिजर्व से निकलकर एक टाइगर आबादी क्षेत्र में जा पहुंचा. टाइगर ने एक भैंस को अपना शिकार बना लिया और उसे खींचकर ले गया. सूचना मिलते ही पार्क प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों की मदद से टाइगर को ट्रेंकुलाइज कर रेस्क्यू किया गया.**



गुरुवार को माधव टाइगर रिजर्व से निकली मादा टाइगर रायपुर धमकन गांव में जा पहुंची. यहां उसने रामबरन गुर्जर के घर से करीब 50 मीटर दूरी पर बाड़े में बैठी भैंस पर हमला कर दिया. टाइगर ने भैंस की गर्दन अपने जबड़े में दबोच ली और उसे खींचकर ले गई. इसी दौरान रामबरन गुर्जर शौच के लिए घर से बाहर निकले थे, तभी उनका आमना-सामना टाइगर से हो गया. ग्रामीणों के मुताबिक रामबरन ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था. घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया है.

सूचना मिलते ही वन विभाग और पार्क प्रबंधन की टीम मौके पर पहुंची और हाथियों की मदद से टाइगर को ट्रेंकुलाइज कर काबू में लिया गया है.

# थार और कार की टक्कर में मां-बेटे की मौत

**खंडवा, 16 अप्रैल. जिले का मांधाता क्षेत्र इन दिनों लगातार आपराधिक घटनाओं और हादसों के कारण सुर्खियों में बना हुआ है. क्षेत्र में लूट, चोरी, दुष्कर्म, अवैध गतिविधियों और सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं से आमजन में भय और आक्रोश का माहौल है.**



पुनासा क्षेत्र में हथियारों के दम पर व्यापारी से लूट, पामाखेड़ी में स्कॉर्पियो सवारों का उत्पात, 90 वर्षीय बुजुर्ग महिला से दुष्कर्म, तीर्थनगरी में खुलेआम शराबखोरी और श्रद्धालुओं के साथ चोरी जैसी घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं. वहीं डंपरों की आवाजाही से आए दिन सड़क हादसे भी हो रहे हैं.

इसी बीच एक और दर्दनाक हादसा सामने आया है. मूंदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम केनूद के पास नरसिंह आश्रम के नजदीक दो कारों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई. हादसे में जलवा बुजुर्ग निवासी पूर्व सरपंच सुमनबाई राठौर (58) और उनके पुत्र सौरभ राठौर (28) की मौके पर ही मौत हो गई.

प्राप्त जानकारी के अनुसार राठौर परिवार के सदस्य बलेनो कार से जलवा बुजुर्ग से सिंगाजी जा रहे थे. इसी दौरान मूंदी से सनावद की ओर जा रही तेज रफ्तार थार ने उनकी कार को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी भीषण थी कि बलेनो कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पलट गई.

हादसे में सौरभ की बहन सारिका, रविंद्र (35) एवं एक अन्य रिश्तेदार रविंद्र (निवासी देशगांव) गंभीर रूप से घायल हो गए. सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घायलों को मूंदी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से तीन घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया.

घटना की खबर मिलते ही जलवा बुजुर्ग सहित आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में अस्पताल पहुंच गए.

## कलेक्टर अदिती गर्ग ने स्व गणना में स्वयं भरा जनगणना फॉर्म

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने नागरिकों को डिजिटल माध्यम से जनगणना प्रक्रिया में भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए स्वयं जनगणना पोर्टल के माध्यम से अपना फॉर्म भरकर एक सराहनीय पहल की है। उन्होंने यह संदेश दिया कि प्रत्येक नागरिक घर बैठे स्व-गणना सुविधा का लाभ उठा सकता है। कलेक्टर ने बताया कि स्व-गणना (*Self Enumeration*) की सुविधा जनगणना प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस सुविधा के माध्यम से नागरिक बिना किसी फील्ड कर्मी के घर आए, स्वयं ऑनलाइन पोर्टल पर जाकर अपनी जानकारी सुरक्षित रूप से दर्ज कर सकते हैं।

# बेटियों और नारियों के सम्मान से ही देश प्रगति के पथ पर अग्रसर

- नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री
- पथ संचलन को उप मुख्यमंत्री ने दिखाई हरी झण्डी

**रीवा, 16 अप्रैल. जिले में स्थित कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल शामिल हुए. इस अवसर पर उन्होंने नारी शक्ति पथ संचलन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.**



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटियों की पूजा और नारियों के सम्मान से ही देश प्रगति के पथ पर अग्रसर होता है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संसद में महिला आरक्षण को लेकर लाया गया नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश की आधी आबादी को निर्णय प्रक्रिया में समान भागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है. उन्होंने इसे महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया.

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत 10 से 25 अप्रैल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं और महिला आरक्षण विधेयक के समर्थन में मिस्ड कॉल अभियान भी चलाया गया.

शुक्ल ने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक योजनाएँ चला रही है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं. उन्होंने यह भी कहा कि जहां नारी का सम्मान होता है, वहां समाज और संस्कृति दोनों का विकास होता है. उन्होंने विन्ध्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि यहां की महिलाएँ किसी से कम नहीं हैं और देश की पहली महिला फाइटर पायलट भी इसी क्षेत्र से हैं.

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नीता कोल ने महिलाओं की बढ़ती भागीदारी और सरकारी योजनाओं की सराहना की. वहीं विदुषी ज्ञानवती अवस्थी ने भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला.

# पटवारी 20 हजार रु. की रिश्वत लेते रंगेहाथों ट्रैप

**रतलाम.** लोकायुक्त संगठन उज्जैन ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सैलाना तहसील में पटवारी कैलाश वडख्या को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया. आवेदक जितेंद्र पाटीदार निवासी ग्राम अडवानिया ने 10 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके पिता की जमीन के सीमांकन के लिए पटवारी द्वारा 30 हजार रुपये की मांग की जा रही है. जांच में शिकायत सही पाए जाने पर लोकायुक्त टीम ने 16 अप्रैल को जाल बिछाया.

आरोपी ने पहले 3 हजार रुपये ले लिए थे और बाद में 20 हजार लेते समय नायब नाजिर कक्ष में ट्रैप किया गया. कार्रवाई महानिदेशक योगेश देशमुख के निर्देश और एसपी आनंद कुमार यादव के मार्गदर्शन में हुई. टीम में निरीक्षक राजेंद्र वर्मा सहित अन्य सदस्य शामिल रहे.

ADITYA BIRLA CAPITAL
LOANS INVESTMENTS INSURANCE PAYMENTS
ADITYA BIRLA CAPITAL LIMITED
पंजीकृत कार्यालय : इंडियन रेयॉन कंपाउंड, वेरावल, गुजरात-362266
शाखा कार्यालय : प्लॉट नंबर-17, विजया बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, बाराखंभा रोड, नई दिल्ली-110001

परिशिष्ट IV [प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (1) देखें]
सांकेतिक कब्जा नोटिस (अचल संपति के लिए)

आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड और आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के बीच समामेलन के कारण, जैसा कि नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल - अहमदाबाद द्वारा 24.03.2025 को पारित आदेश में दर्ज 11.03.2024 की समामेलन योजना में बताया गया है, आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड द्वारा या उसके खिलाफ शुरू किए गए या शुरू किए जाने वाले सभी संचालन/अनुबंध/दायित्व/कानूनी कार्यवाही/पत्राचार/संचार/सरफेसी (SARFAESI) कार्यवाही और नीचे उल्लेखित गिरवी रखी गई संपत्ति, समामेलित कंपनी यानी आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी गई है.
चूंकि, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54) के तहत आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उन्होंने 27.01.2026 को एक मांग नोटिस जारी किया था, जिसमें कर्जदारों मेसर्स अजय ट्रेडर्स (इसके प्रोपराइटर अजय दुधानी के माध्यम से), संजय दुधानी, अजय दुधानी (उर्फ अजय कुमार दुधानी) और मीना दुधानी (उर्फ मीना रमेश दुधानी) को नोटिस में उल्लेखित राशि रु. 1,73,34,571.89/- (रु. एक करोड़ तिहत्तर लाख चौंतीस हजार पांच सौ इकहत्तर और पैसा नवासी) मात्र चुकाने के लिए कहा गया था. यह राशि लोन अकाउंट नंबर ABFLINDLAP0000126221 के लिए रु. 1,21,58,803.21/- और लोन अकाउंट नंबर ABINDLAP000000569247 के लिए रु. 51,75,768.68/- है. इसे नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाना था.
कर्जदारों द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, कर्जदारों और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने 15 अप्रैल 2026 को उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के साथ पठित नियम 8 के तहत उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया है.
विशेष रूप से कर्जदारों और सामान्य रूप से जनता को संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है. संपत्ति के साथ किया गया कोई भी लेन-देन आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड के रु. 1,73,34,571.89/- (रु. एक करोड़ तिहत्तर लाख चौंतीस हजार पांच सौ इकहत्तर और पैसा नवासी मात्र) और उस पर ब्याज के शुल्क के अधीन होगा.
कर्जदारों का ध्यान सुरक्षित संपत्तियों को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा 8 के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है.

अचल संपत्ति का विवरण

संपत्ति का वह हिस्सा जिसका म्युनिसिपल हाउस नंबर 12 पुराना, नया नंबर 158 (P) है, जो रानीपुरा मेनरोड, इंदौर (म.प्र.) में स्थित है. इसका कुल भूमि क्षेत्र 322.50 वर्ग फुट (यानी 29.97 वर्ग मीटर) है. इस संपत्ति में बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर, सेकंड फ्लोर और थर्ड फ्लोर शामिल हैं. बेसमेंट का निर्मित क्षेत्र- 150 वर्ग फुट (13.94 वर्ग मीटर), ग्राउंड फ्लोर का निर्मित क्षेत्र- 322.50 वर्ग फुट (29.97 वर्ग मीटर), फर्स्ट फ्लोर का निर्मित क्षेत्र- 322.50 वर्ग फुट (29.97 वर्ग मीटर), सेकंड फ्लोर का निर्मित क्षेत्र- 322.50 वर्ग फुट (29.97 वर्ग मीटर), थर्ड फ्लोर का निर्मित क्षेत्र- 322.50 वर्ग फुट (29.97 वर्ग मीटर) इसके मालिक मीना दुधानी, अजय कुमार दुधानी और संजय दुधानी हैं. इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्व- सरकारी सड़क, उत्तर- म्युनिसिपल नंबर 158 का शेष हिस्सा, पश्चिम- सरकारी गली, दक्षिण- सरकारी गली और फिर सीताराम भूंजवे का घर.
तारीख : 15/04/2026
स्थान : इंदौर
अधिकृत अधिकारी
(आदित्य बिड़ला कैपिटल लिमिटेड)

कनेक्टिविटी | मध्य प्रदेश की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी : सिंधिया

# ग्वालियर-दिल्ली-बेंगलुरु हवाई सेवा होगी शुरू

**ग्वालियर, 16 अप्रैल. ग्वालियर के राजमाता एयरपोर्ट से ग्वालियर-दिल्ली-बेंगलुरु तथा बेंगलुरु-दिल्ली-ग्वालियर हवाई सेवा शीघ्र प्रारंभ होने जा रही है. इस नई सेवा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि इससे ग्वालियर एवं ग्वालियर-चंबल क्षेत्र सहित मध्य प्रदेश की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी तथा यात्रियों को प्रमुख शहरों से बेहतर एवं तेज आवागमन सुविधा प्राप्त होगी.**



जानकारी के अनुसार, अकासा एयर द्वारा इस रूट पर नई उड़ानें शुरू की जाएंगी. वर्तमान में ग्वालियर से इंडिगो की उड़ानें सप्ताह में तीन दिन (मंगलवार, गुरुवार और शनिवार) संचालित होती हैं, जबकि प्रस्तावित अकासा एयर की नई उड़ानों (सोमवार, बुधवार और शुक्रवार) के साथ अब सप्ताह में छह दिन हवाई सेवा उपलब्ध हो सकेगी. इस सेवा को शुरू कराने के लिए केंद्रीय मंत्री द्वारा निरंतर प्रयास किए गए और एयरलाइन अधिकारियों के साथ कई दौर की चर्चाओं के बाद यह संभव हो सका. बेंगलुरु जैसे प्रमुख आईटी एवं स्टार्टअप हब से ग्वालियर का सीधा जुड़ना क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है. उन्होंने विश्वास जताया कि आधुनिक एयरपोर्ट के माध्यम से क्षेत्र को राष्ट्रीय स्तर की हवाई सुविधाओं से जोड़ने का संकल्प साकार हो रहा है और यह पहल ग्वालियर के समग्र विकास को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी.

### इन्दौर वन्दे भारत ट्रेन के लिए सिंधिया से मिले प्रमोद पाण्डे

ग्वालियर के भाजपा नेताओं ने आज केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर राज्यों के विकास मन्त्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मुलाकात कर उनसे ग्वालियर से इन्दौर वन्दे भारत ट्रेन चलाने की मांग की. प्रमोद पाण्डेय के साथ धर्मेन्द्र शर्मा, अजय गोले, कपिल दीक्षित आदि भाजपा नेता मौजूद थे. सिंधिया ने ग्वालियर से इन्दौर वन्दे भारत ट्रेन शीघ्र ही चलाने के प्रति आश्वस्त किया है.

### बेहतर हवाई सेवा से क्षेत्रीय विकास को मिलेगा बल

मंत्री सिंधिया ने कहा कि नई उड़ान सेवा से व्यापार, उद्योग, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को नई गति मिलेगी. दिल्ली और बेंगलुरु जैसे प्रमुख महानगरों से सीधी कनेक्टिविटी मिलने से नागरिकों, व्यवसायियों और विद्यार्थियों को विशेष लाभ होगा तथा आवागमन अधिक सुगम और समयबद्ध हो सकेगा.



## भिंड कलेक्टर ने लहार के पंचायत अधिकारी को किया सस्पेंड

**भिंड.** भिंड के कलेक्टर ने लहार के पंचायत अधिकारी को सस्पेंड कर दिया है. बैठक और मुख्यालय में नहीं रहने पर यह कार्रवाई की गई है. उपयंत्री को भी नोटिस दिया गया है. भिंड कलेक्टर किरोड़ी लाल मीणा ने लहार के पंचायत समन्वय अधिकारी उमाशंकर शर्मा को तुरंत प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है. उन पर काम में लापरवाही बरतने और अपनी ड्यूटी के प्रति गंभीर न होने के आरोप लगे हैं.